[ 24/2/2026] परिशिष्ट - 1

प्रश्न सं. [ क्र. 2352 ]

प्रति

श्रीमान कलेक्टर महोदय,

धार जिला धार ( म.प्र. )

विषय :- ग्राम पंचायत केलीकला में हुए पंचायत द्वारा किये गए भ्रष्टाचार के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय में ग्रामवासियों का सादर निवेदन है कि :-

1- यह कि ग्राम पंचायत केलिकला में कई ऐसे भ्रष्टाचार हो रहे है जिसका ध्यान सरकार को नहीं जा रहा है कोई योजनाओं के तहत कार्य नहीं हो रहे है जो पैसा ग्राम निर्माण के लिए ग्राम पंचायत को मिलता है वह पूर्ण रूप से ग्राम के विकास कार्य में नहीं लगाया जाता है।

ग्राम केलीकला के भ्रष्टाचार के निर्माण कार्य का लेखा जोखा जो पूर्ण नहीं हुआ है।

1- मनरेगा योजना के तहत हुए कार्यों में फर्जी मस्टर रोल बनाकर राशि का गबन किया जा रहा है। मछली तालाब हितग्राही के 1,25,000/- लागत से खेत तालाब स्वीकृत हुआ था कई हितग्राहियों के नाम पर बिना काम कराये ही पैसे निकाल लिए गए।
2- भ्रष्टाचार के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलने से जीवन के अधिकार का उल्लंघन हो रहा है।
3- घटिया निर्माण के कारण स्वास्थ्य और सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो रहा है। वर्ष 2023 में पुलिया शाह RMS निर्माण बेहडा नाले पर के तहत जैसे सड़क निर्माण का काम अधूरा छोड़ दिया गया है। गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग किया गया है।
4- नाली निर्माण के लिए आवंटित राशि 3,00,000/- मंजूर की गई थी जिसमे 56,000/- का उपयोग किया गया है बाकी बची शेष राशि का गबन किया गया है, जबकि काम हुआ ही नहीं है। अधिकारियों ने मिलीभगत से कागजों पर काम पूरा दिखा दिया है, जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है।
5- यह कि कोई अन्य विशिष्ट विवरण, जैसे- गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग, लाभार्थियों को लाभ न मिलना आदि।। इस भ्रष्टाचार के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक नहीं पहुँच पा रहा है, और गाँव के विकास में बाधा आ रही है। मैंने इस संबंध में कई बार स्थानीय अधिकारियों से संपर्क किया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।
6- यह कि आंगनवाडी भवन निर्माण महिला एवं बाल विकास आंगनवाडी भवन निर्माण घटिया निर्माण के कारण स्वास्थ्य और सुरक्षा को खतरा हो रहा है।
7- यह कि कल्वर्ट निर्माण (पुलिया) सांसद निधि के तहत लाभार्थियों को मिलने वाले लाभ का गबन किया गया जिसकी वर्क आईडी 101142096 है, घटिया निर्माण जिसके कारण वे बुनियादी सुविधाओं से वंचित रह गए, जो उनके जीवन के अधिकार का उल्लंघन हो रहा है।
8- यह कि भ्रष्टाचार के कारण गाँव में पीने के पानी और स्वच्छता की सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं. जिससे नागरिकों के स्वास्थ्य का अधिकार प्रभावित हो रहा है।
9- यह कि स्थानीय प्रशासन द्वारा शिकायत करने वाले लोगों को धमकाया जा रहा है, जो उनकी सुरक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन हो रहा है।
10- यह कि ग्राम केलीकला की इस गंभीर स्थिति के कारण हमारे गाँव के लोगों के अधिकारों का हनन हो रहा है।

o/c CEO/JP ... 1.11.25

11- यह कि शासकीय योजनाओं के तहत ग्राम पंचायत व सरपंच के द्वारा भेदभाव कर ग्राम के गरीब लोगों के हित में योजना का लाभ नहीं दिया जाता है जिससे कई सारी शासकीय योजनाओं में निम्न वर्ग के लोगों के का नाम नहीं आ पाता है।

12- यह कि ग्राम पंचायत के द्वारा ग्राम की निजी जमीनों पर शासकीय भूमि बताकर आंगनवाडी भवन निर्माण कार्य किया जाता रहा है जिसके बाद आवेदन देकर कार्य को रोका जाता है जब पटवारी आकर जांच करता है तो पाया जाता है कि ग्राम के सरपंच द्वारा डराकर निजी जमीनों पर अवैध रूप से कार्य किया जा रहा है।

अतः आपसे अनुरोध है कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए, इसकी उच्च-स्तरीय जाँच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

धन्यवाद।

इति दिनांक :-1.1./10/2025

समस्त ग्रामवासी

ग्राम केलिकला तह . व जिला धार

दयाराम - पल्केल

93403-02495

राजू चौहान

राजू

नरेन्द्र भवर

मुन्ना सिंह